हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 मंडली ने रामकथा पर निकाली संकीर्तन और प्रभातफेरी



11 दुर्गा विसर्जन में विशालकाय नंदी बैल की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र





## खबर संक्षेप

### रानीतराई में बुजुर्ग महिला की हत्या, संदिग्ध हालात में मिली लाश



**बालोद/डौंडीलोहारा।** देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम रानीतराई (रोड) में हत्या की सनसनीखेज वारदात से गांव में दहशत का माहौल है। गांव की 65 वर्षीया कोटवारिन की बेरहमी से हत्या दो से तीन दिन पहले कर दी गई थी। जिसकी जानकारी देर से सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। राजनांदगांव से अंतागढ़ स्टेट हाईवे के रानीतराई रोड पर शासकीय कोतवाल का कार्य करने वाली देवबती पति जैनसिंग बया महिला उम्र 65 वर्ष की लाश घर में प्राप्त हुई है। वह घर में अकेली रहती थी। सोमवार को लाश से बदबू आने पर पड़ोसियों को शंका हुई। घर के बाहर ताला लटका था। लाश दो-तीन दिन पुरानी है। पुलिस के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं पर बारिकी से तफ्तीश कर रही है। ग्रामीणों से पूछताछ जारी है। फॉरेंसिक टीम द्वारा भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### ट्रैक्टर की ठोकर से युवक की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** अपने मोटर साइकिल से काम करने जिला मुख्यालय आए युवक को ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई, जिसके बाद युवक के बड़ै भैया के द्वारा ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है, जिसमे पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सोरर निवासी गौतम मारकण्डे ने पुलिस को बताया कि 04 अक्टूबर को मेरा भाई नोमेन्द्र कुमार प्रातः 09 बजे अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 यू 0285 से हमाली काम करने बालोद आया था, जो काम करने के बाद वापस अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 यू 0285 से घर आ रहा था, ग्राम झलमला एवं ग्राम पाकुरभाट के मध्य अज्ञात ट्रेक्टर के चालक ने मेरे भाई को एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मेरे बड़े भाई के सिर के पीछे भाग एवं दाहिने पैर में गंभीर चोट लगने से ईलाज हेतु जिला अस्पताल बालोद लाये, मेरे भाई के एक्सीडेन्ट होने की सूचना मिलने पर मैं एवं मेरे जीजा शेखर जिला अस्पताल बालोद आकर देखे तो मेरे बड़े भाई का मृत्यु हो गया था।

### बाइक ने युवक को मारी ठोकर, हुआ घायल

**बालोद।** मुख्य सड़क मे पैदल टहल रहे युवक को मोटर सायकल ने ठोकर मार दी, घायल युवक के साथी ने मोटर साइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम लिम्हाटोला निवासी मुकेश ने पुलिस को बताया कि देवेन्द्र दास मानिकपुरी व कमलेश कुमार तीनो ग्राम गुदुम से पैदल करीबन रात्रि 08 बजे ग्राम लिम्हाटोला में दशहरा व कार्यक्रम देखने के लिए निकले थे। हम तीनो पैदल मेन रोड से किनारे अपने साईड तरफ जा रहे थे कि करीब 08:30 बजे रात्रि गुदुम से लिम्हाटोला जाने वाले मेन रोड से मरकाटोला जाने वाले मार्ग के पास पहूंचे थे, तभी अचानक पीछे से मोटर सायकल चालक के द्वारा अपने मोटर साइकिल को तेज एव लापरवाही पूर्वक तथा खतरनाक तरीके से चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेट करने से मेरे दोस्त देवेन्द्र दास शेष पेज 11 पर

# सशिमं में शरद पूर्णिमा मनाई और छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया

हरिभूमि न्यूज | जामगांव आर

शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन सोमवार को डॉ हेडगेवार सदन में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा किया। मुख्यअतिथि परिक्षेत्रीय साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य पूरनलाल बारले ने किया।

विशेष अतिथि उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू आचार्य परमानंद टंडन धनेश्वरी साहू प्रीति साहू डामिन साहू मंचासिन रहे। विधार्थियो ने गीत व्याख्यान के माध्यम से शरद पूर्णिमा उत्सव पर प्रकाश डाले। अंत में शरद पूर्णिमा का सुप्रसिद्ध प्रसाद खीर का वितरण किया गया। विद्यार्थी शरद पूर्णिमा का खीर प्राप्त कर हर्ष व्यक्त किए। मुख्य अतिथि कामता प्रसाद साहू ने कहा कि शरद पूर्णिमा शरद ऋतु का आगमन का संदेश लेकर आती है। शरद ऋतु में भोजन स्वादिष्ट लगता है बल वर्धक पौष्टिक सब्जियां मिलती है शरीर स्वस्थ रहता है। शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने प्रातः कालीन भ्रमण व्यायाम योग करना प्रारंभ हो जाता है। होनहार विद्याथएं त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम में आई कमी को दूर करने उत्सता लाने के लिए अर्ली मार्निंग उठकर अध्ययन प्रारंभ कर देते है। साहू ने कहा कि भारत का प्रत्येक पर्व संस्कार से जीवन संवारने का संदेश देता है जिसे होनहार विद्यार्थी स्वस्फूर्त अपनाते है और उज्वल भविष्य का ट्रेलर दिखाते है। शेष पेज 11 पर

### शरद पूर्णिमा पर खीर का प्रसाद वितरण किया



#### शरद पूर्णिमा उत्सव में इन्होंने मुखारवृंद से दी प्रस्तुति

शरद पूर्णिमा कार्यक्रम में पूवएं बंजारे, हर्षिता टिकेश्वरी, चांदनी, मोनिका ठाकुर, जानवी, धात्री चंद्राकर ने शरद पूर्णिमा पर गीत, कविता प्रस्तुत कर वाणी का अमृत पान कराया। समारोह को सफल बनाने में प्राचार्य पूरनलाल बारले, उप–प्राचार्य लिकेश्वर साहू, वरिष्ठ आचार्य हथेश्वर प्रसाद, आचार्य परमानंद टंडन, धनेश्वरी साहू, शशि यादव ,डामिन साहू, प्रीति साहू, सुनीता सेन की सराहनीय भूमिका रही।



**तैयारी**

**बड़े जुंगेरा में बनाया गया हेलीपेड, वहां से कार में मां कौशिल्या धाम पहुंचेंगे**

# सीएम का आगमन आज, पाटेश्वर आश्रम में सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी

हरिभूमि न्यूज | डौंडीलोहारा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज 7 अक्टूबर को श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम स्थित मां कौशिल्या धाम में महामंडलेश्वर श्री



रामकृष्ण दास महात्यागी के साकेत गमन उपरांत आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं शरद पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। प्रोटोकाल अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोपहर 3.10 बजे हेलीकाप्टर से ग्राम बड़े जुंगेरा स्थित हेलीपेड पहुंचेंगे तथा हेलीपेड से श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम स्थित मां कौशिल्या धाम तक कार से जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पाटेश्वर आगमन के लिए श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में कार्यक्रम की तैयारी की गई है। विगत तीन दिनों से राजस्व विभाग के एसडीएम शिवनाथ बघेल सहित पूरा



राजस्व अमला आयोजन की व्यवस्था में लगा है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग, आरईएस विभाग, पीएचई विभाग, सामाजिक वानिकी विभाग, वन विभाग सहित सभी शासकीय विभाग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन की तैयारी में लगा है। वहीं श्री पाटेश्वर आश्रम में भक्तों का मेला एक दिन पहले से लगने लगा है। सोमवार को सैकड़ों की संख्या में भक्तगण आश्रम पहुंच चुके हैं तथा भक्तों का आगमन लगातार जारी है।

पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने श्री जामडी पाटेश्वर आश्रम स्थित मां कौशिल्या धाम का दौरा कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल को संस्थान के मीडिया प्रभारी जयेश ठाकुर, गौतम सिन्हा से कार्यक्रम की जानकारी ली तथा पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के आगमन से संबंधित सभी स्थलों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

### मुख्यमंत्री साय आज बालोद जिले के प्रवास पर

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय कल 07 अक्टूबर को जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बड़े जुंगेरा स्थित मां कौशल्या धाम श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में आयोजित संत राजयोगी श्री रामजानकी दास महात्यागी के श्रद्धांजली सभा में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री साय दोपहर 02.35 बजे पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर हेलीपेड से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 03.10 बजे डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बड़े जुंगेरा हेलीपेड में पहुँचेंगे। मुख्यमंत्री साय दोपहर 03.10 बजे बड़े जुंगेरा हेलीपेड से सड़क मार्ग से प्रस्थान कर दोपहर 03.15 बजे माँ कौशल्या धाम श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री साय श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम पहुंचकर दोपहर 03.15 बजे से अपरान्ह 04.15 बजे तक जामड़ी पाटेश्वर धाम में आयोजित संत राजयोगी श्री रामजानकी दास महात्यागी के श्रद्धांजली सभा में शामिल होंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री साय अपरान्ह 04.15 बजे सड़क मार्ग द्वारा मां कौशल्या धाम श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम से बड़े जुंगेरा हेलीपेड के लिए प्रस्थान करेंगे। साय बड़े जुंगेरा हेलीपेड पहुंचकर अपरान्ह 04.20 बजे हेलीकाप्टर द्वारा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर हेलीपेड के लिए प्रस्थान करेंगे।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर पति-पत्नी दोनों गंभीर

हरिभूमि न्यूज | बालोद

मोटर साइकिल के माध्यम से छट्टी कार्यक्रम मे सम्मिलित होने जा रहे दंपत्ति को ट्रक ने ठोकर मार दी, जिससे मोटर सायकल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद महिला द्वारा ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम देवरी वार्ड क्रं. 05 भरकापारा थाना देवरी निवासी लक्ष्मी बाई घावडे ने पुलिस को बताया कि अपने पति ईश्वर लाल घावडे के साथ मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 टी 6764 में लोहारा भेडी जा रहे थे। दोपहर करीब 02:10 बजे ग्राम परसुली पहुंचे थे तभी लोहारा की तरफ से मेटाडोर क्रमांक सीजी 08 ए 2214 के द्वारा ट्रक को ओवरटेक करते समय अपने मेटाडोर को काफी तेज गति लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये मेन रोड में विपरीत दिशा में लाकर हम लोगो के मोटर साइकिल को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हम दोनो मोटर साइकिल से नीचे गिर गये, एक्सीडेंट से मेरे पति ईश्वर लाल घावडे को सिर में गहरी चोंट लगी थी, जिससे काफी खून बह रहा था, घटना के समय रास्ते में आने जाने लोगों की भीड लग गई थी, तब मैं राहगीरों की मदद से निजी कार से ईलाज कराने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरी बंगला लाई।

सूचना देने पर मेरा देवर भी शासकीय अस्पताल देवरी पहुंचा वहां मेरे पति का ईलाज चल रहा था, मेरे पति को चोंट अधिक लग जाने से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरी के डाक्टरों द्वारा मेरे पति को अच्छे ईलाज हेतु शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री जिला राजनांदगांव रिफर कर दिया गया। जिसे ईलाज हेतु मैं अपने पति को राजनांदगांव मेडिकल कालेज लेकर गई। वहां के डाक्टरों के द्वारा अच्छे ईलाज हेतु अस्पताल रायपुर ले जाने की सलाह देने पर हम लोगो के द्वारा ईश्वर लाल घावडे को अस्पताल रायपुर में भतएं किये हैं। जहां वर्तमान में ईलाज चल रहा है। आहत को उपचार हेतु अस्पताल रायपुर में भतएं कराने के पश्चात मैं अपने देवर बलेश्वर घावडे के साथ थाना देवरी में आकर रिपोर्ट दर्ज करा रही हूं।

# भूमिपूजन समारोह में 45 लाख के विकास कार्यों का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज | डौंडीलोहारा

जनसेवा और विकास की राह पर अग्रसर विधायक अनिला भेड़िया के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम एवं विधायक प्रतिनिधि गोविन्द चंद्राकर द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत हितापठार, कमकापार एवं मुड़पार में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन विकास कार्यों में विधायक निधि, जिला पंचायत निधि एवं जनपद पंचायत निधि से लगभग 45 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

इसमें ग्राम पंचायत कमकापार में सीसी रोड, तालाब में निर्मला घाट, सीसी नाली एवं कला मंच, ग्राम पंचायत हितापठार में सीसी रोड निर्माण तथा पंचायत लमती में यात्री प्रतीक्षालय, स्कूल में आहता निर्माण, सीसी रोड एवं कचरा शेड और सामुदायिक भवन करियाटोला में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह में उत्साह और हर्ष का वातावरण देखा गया। जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने कहा हमारा संकल्प है कि विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। हर घर तक सुविधा, हर व्यक्ति तक सम्मान, यही हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य जागेश्वर दर्रो, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव छबिला सिन्हा, युवा नेता रवि साहू, रामेश्वर साहू ठेकेदार, पिंटु पिस्दा, जालंधर नेताम, परमेश्वर खरे, रवि टांडिया, सुब्रत देशमुख सहित बड़ी संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित

## प्रशिक्षार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सम्मानित हुए विजेता

हरिभूमि न्यूज | बालोद

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य एसडी खिलारी ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य बिरेन्द्र साहू, सेवानिवृत्त प्रशिक्षण अधीक्षक विष्णु लाल ठाकुर उपस्थित थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभिभाषण को प्रोजेक्टर के माध्यम से संस्था में तत्कालीक प्रसारण किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा कोपा व्यवसाय के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को





एनटीसी प्रमाण पत्र व प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को मोमेन्टो प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने वर्तमान समय में कौशल विकास के आवश्यकता एवं महत्ता के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। तारणी चन्द्राकर ने कहा भाजपा सरकार देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे कार्य कर रही है। भाजपा सरकार चाहती है कि आज का युवा नौकरी मांगने वाला नही नौकरी देने वाला बने।

इस अवसर पर देश की प्रगति में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के भूमिका को अत्यंत आवश्यक बताया। इस दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधिकारी मोहित कुमार साहू, जितेन्द्र कुमार, पुरन लाल ठाकुर, आशीष कुमार साहू तथा कार्यालयीन स्टॉफ से कौशल कुमार धनकर, युधिष्ठिर साहू सहित प्रशिक्षणाथएं एवं उनके अभिभावकगण उपस्थित थे।

## विरोध में बुधवारी बाजार से नयापारा तक हस्ताक्षर अभियान में सैकड़ों युवा हुए शामिल

# बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज | बालोद

बिजली के बढ़े दामों और बिजली बिल हाफ योजना बंद किए जाने के विरोध में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बालोद में सड़कों पर प्रदर्शन किया। यहां बुधवारी बाजार और नयापारा में सैकड़ों युवाओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर सरकार के इस कदम का विरोध जताया।

इस दौरान युवा कांग्रेस के नेताओं ने चौक–चौराहों पर नुक्कड़ सभा आयोजित की, जिसमें बिजली दरों में वृद्धि और योजना बंद होने से जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर सरकार की नीतियों की आलोचना की।

नगर पालिका बालोद के पार्षद सुमित शर्मा ने बताया छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने प्रदेश में बढ़े हुए बिजली दरों के विरोध में प्रदेश स्तरीय



चरणबद्ध कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में बालोद में यह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिजली जैसी बुनियादी आवश्यकता पर जनता को राहत मिलनी चाहिए, न की बोझ। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवार परेशान हैं। बिजली बिल बढ़ने और योजना बंद होने से किसानों, मजदूरों, मध्यमवर्गीय परिवारों और छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार आने के बाद बिजली बिल की दरों में चार से दस गुना बढ़ोतरी हुई है, जबकि इससे पूर्व कांग्रेस सरकार के दौरान बिजली बिल हाफ साय सरकार का जनता से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए जनता को परेशान किया जा रहा है। नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि साय सरकार को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार मनमाने ढंग से बढ़ाई गई बिजली दरों को वापस नहीं लेती है, तो युवा कांग्रेस एक उग्र आंदोलन करेगी। इस कार्यक्रम में बालोद विधानसभा अध्यक्ष संदीप साहू, जिला प्रशासनिक महामंत्री आदित्य दुबे, उपाध्यक्ष दीपक सानू पाल, देवेंद्र साहू, दिनेश्वर साहू, शहर उपाध्यक्ष फैज अली, अजहर तिगाला, कान्हा, धीरज यादव, पार्षद चंद्रहास साहू सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित थे।

# जिले के 186 गांवों में आदि कर्मयोगी अभियान जारी



हरिभूमि न्यूज | बालोद

- 27 ग्रामों में हुआ विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन

केन्द्र सरकार के आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के 186 ग्रामों में अलग–अलग तिथियों में आयोजित किए जा रहे विशेष ग्रामसभा के दौरान विलेज विजन कार्य योजना का वाचन एवं अनुमोदन का कार्य निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत गुरुर विकासखंड के ग्राम बोहारडीह, पोंड, चिरचारी, कोचवाही तथा डौंडी विकासखंड के ग्राम रजही, धोबनी अ, नर्रालगुड़ा, बलोदा सहित आज जिले के 27 ग्रामों में विशेष ग्राम सभा आयोजन किया गया। इस दौरान आदिवासी समाज के लोगों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण तथा आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत शेष पेज 11 पर

**तैयारी:** इस बार 1.60 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य, आरएस 3100 प्रति क्विंटल

# पंद्रह नवंबर से धान खरीदी शुरू क्या समय पर हो पाएगा उठाव?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन (प्रोक्योरमेंट) और कस्टम मिलिंग नीति तैयार कर ली है। इस नीति को शीघ्र ही राज्य कैबिनेट की बैठक में मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। कैबिनेट की अनुमति मिलने के बाद इसे लागू किया जाएगा। इस बार खरीफ सीजन में धान खरीदी की शुरुआत 15 नवंबर से होने की संभावना है और सरकार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी करने का लक्ष्य रख रही है। लेकिन जहां तक कबीरधाम जिले की बात की जाए तो भले ही प्रदेश की भाजपा सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन (प्रोक्योरमेंट) और कस्टम मिलिंग नीति तैयार कर ली हो लेकिन जिले में बीते वर्ष सरकार द्वारा किसानो से समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान के उठाव को लेकर जिस ढंग से लापरवाही और कोतवाही बरती है वह न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली भी है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते वर्ष समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान का समितियों से सही समय पर उठाव नहीं होने के कारण लाखों क्विंटल धान की बर्बादी हुई है जिससे सरकार को करोड़ो का नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं धान की इस बर्बादी को देख आम लोगों व किसानो में भी भारी नाराजगी देखी गई। ऐसे में अब सरकार की नई धान खरीदी में इस तरह की अव्यवस्था और भर्राशाही न हो इस बात पर विशेष जोर देने की जरूरत है। माना जा रहा है कि हर साल जिले में बढ़ रहे धान के उत्पादन को देखते हुए सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। देखने वाली बात होगी की सरकार इस चुनौती से निपटने अब क्या कदम उठाती है।

## किसानों के लिए पंजीकरण और न्यूनतम समर्थन मूल्य


फाईल फोटो

धान खरीदी के लिए पहले कैबिनेट की मंजूरी आवश्यक होगी। वहीं, इस बार किसानों का पंजीकरण एग्रीस्टेक और एकीकृत किसान पोर्टल पर शुरू कर दिया गया है। पंजीकृत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान खरीदी की जाएगी। किसानों को प्रति क्विंटल धान के लिए आरएस 3,100 का भुगतान किया जाएगा। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में लगातार बारिश हो रही है, लेकिन इसके बावजूद धान खरीदी नवंबर से शुरु की जाएगी। हर एकड़ में औसतन 21 क्विंटल धान खरीदी जाएगी।

### धान खरीदी केन्द्र बघर्रा में अब भी पुरानी धान का स्टाक

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के विकासखण्ड पंडरिया के धान संग्रहण केन्द्र बघर्रा में अभी भी पुराने धान का अच्छा खासा स्टाक मौजूद है जिसका उठाव अब तक नहीं हो पाया है। सूत्रों की माने तो पंडरिया में यह इकलौता धान संग्रहण केन्द्र है जहां पूरे क्षेत्र का स्टाक रखा जाता है। लेकिन यहां से भी समय रहते उठाव नहीं होने के कारण अब भी उठाव शेष है। जिसे लेकर विपक्ष भी लगातार सवाल उठाते रहा है।

# चिल्फी सड़क दुर्घटना के बाद मौके से फरार आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में स्थित अकलघरिया के पास बीते रविवार की शाम हुए भीषण सड़क हादसे के बाद फरार आरोपी ट्रक चालक को चिल्फी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस द्वारा आरोपी चालक के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि रविवार की शाम करीब 5.00 बजे बोलेरो वाहन में सवार होकर करीब नौ लोग मध्यप्रदेश के कान्हा से घूमकर चिल्फीघाटी होते हुए बिलासपुर जा रहे थे। इसी दौरान चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम अकलघरिया के पास विपरीत दिशा से आ रही एक रॉग साईड ट्रक से तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की सीधी भिड़ंत हो गई। दोनो वाहनो के बीच हुई टक्कर इतनी भीषण थी की बोलेरो वाहन के परखच्चे उड़ गए और वाहन में सवार तीन महिला, एक पुरूष और एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल चिल्फी पुलिस को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी मृतकों के शव व घायलों को दुर्घटना ग्रस्त बोलेरो वाहन से निकालकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। वहीं दूसरी तरफ घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने अब दबोच लिया है और उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जिले में बाढ़ एवं आपदा नियंत्रण स्थापित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले में संभावित बाढ़ एवं अन्य आपदा स्थितियों से त्वरित एवं प्रभावी रूप से निपटने के लिए बाढ़ एवं आपदा नियंत्रण कक्ष जिला स्तर पर स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित रहेगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान की जा सके। नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित तिथियों एवं समय के अनुसार लगाई गई है। सभी कर्मचारी अपने निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल नोडल अधिकारी, बाढ़ एवं आपदा नियंत्रण आरबी देवांगन, डिप्टी कलेक्टर, जिला कार्यालय कबीरधाम को उनके मोबाइल नंबर पर दी जाए। जिला प्रशासन सभी नागरिकों से अनुरोध करता है कि आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें तथा आवश्यक सूचना नियंत्रण कक्ष को दें, जिससे समय पर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

### विद्यालयों में सामाजिक अंकेक्षण कल

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष, शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय शालाओं में 08 अक्टूबर 2025 को सामाजिक अंकेक्षण कार्य कराया जाएगा। जिसकी सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी पदेन सचिव एवं सहायक, आयुक्त आदिवासी विकास, प्राचार्य डाईट एवं जिला मिशन समन्वयक समिति के सदस्य है। जिले के समस्त 1613 विद्यालयों में आकादमिक उन्नयन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के समुचित क्रियान्वयन के लिए सामाजिक अंकेक्षण के लिये चयनित टीम लीडर के माध्यम से एक गठित टीम के साथ समुदाय के समक्ष स्कुलों में बेहतर शिक्षा की दिशा में आगे कार्य करने एवं सहयोग के लिए सामाजिक अंकेक्षण किया जाना है। सभी शासकीय प्राथमिक से लेकर हायर सेकेण्डरी शालाओं के लिए स्तरवार टुल एवं सामाजिक अंकेक्षण के लिए 20-20 प्रश्नों की प्रश्नावली जिले के सभी स्कूलों को उपलब्ध कराते हुए, सामाजिक अंकेक्षण के लिये चयनित टीम का प्रशिक्षण भी पूर्ण कराया जा चुका है।

# 76 पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की सुविधाओं का अनुबंध

## सरपंच एवं वीएलई के मध्य एमओयु




- 130 ग्राम पंचायतो में पूर्व से ग्रामीणों को मिल रही है सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का विस्तार जिले के और 76 ग्राम पंचायतो में हो रहा है जिसके लिए आज जिला पंचायत के सभा कक्ष भवन में सरपंच एवं कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई के मध्य अनुबंध किया गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने सभी सरपंच एवं वीएलई को संबोधित करते हुए कहां की जिले के ग्रामीणों को डिजिटल इंडिया के तहत अनेक सुविधाएं अब उनके गांव में प्राप्त होगा और इसके लिए उन्हें शहर की ओर नहीं आना पड़ेगा। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों के श्रम एवं धन की बचत होगी तथा अल्प समय में उन्हें महत्वपूर्ण दस्तावेज गांव में प्राप्त होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की जिले में अभी तक130 ग्राम पंचायतो में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों को विभिन्न सुविधाएं मिल रही है। गांव में विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़े वित्तीय लेनदेन के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र,बी-1, नक्शा खसरा आदि मिल रहा है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर नए रोजगार का सृजन हो रहा है जो ग्रामीण युवाओं के लिए लाभदायक होगा। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने कहा कि शासन का लगातार प्रयास है कि ग्रामीणो को अधिक से अधिक सुविधाएं उनके गांव में प्राप्त हो।अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के द्वारा सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं वित्तीय लेनदेन अब ग्रामीणों को प्राप्त करना पहले से और सुगम होगा। एमओयू के दौरान उपसंचालक पंचायत राज तिवारी जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में सरपंच,सचिव एवं कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि अब कबीरधाम जिले के 206 ग्राम पंचायतो में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का संचालन वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक किया जाएगा। इस केंद्र से स्थानीय ग्रामीण आबादी बड़ी मात्रा मे लाभान्वित होगी और शासन की बहुत सी योजनाओं का लाभ एकल खिड़की के माध्यम से उनके गांव में प्राप्त होगा।

### इन ग्रामों में सुविधाओं का विस्तार

जनपद पंचायत बोड़ला के 21 ग्राम पंचायत जिसमे भरपहरी, बोदा 47, बोलदाकला, चोरभट्ठी, गंडई कला, गंडई खुर्द, केसमर्दा, खारा, लोहारीडीह, महली, महाराजपुर, मारियाटोला, मुड़घुसरी, नवागांव, पोड़ी, सरईपतेरा, सारंगपुर कला, सारेखा, सिंघनपुरी, तारेगांव जंगल, तितरी। जनपद पंचायत कवर्धा के 18 ग्राम पंचायत बिजई,चरडोंगरी, दशरंगपुर, दौजरी, धमकी, धरमपुरा, गांगपूर, ज्ञानपुर, झलमला, कुटकीपरा, लालपुरकला, मैनपुरी, मानिकचौरी, नावघाटा, रवेली, सेमो, सोनपरी गुढ़ा। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के 16 ग्राम पंचायत बांधी, चंदैनी, धनौरा, गंगापुर, गोरखपुर, गोरखपुर खुर्द, गोरझुमर, हरदी, जरहाटोला, कोहड़यि, सिंघनपूरी मैदान, कोयलारी, पटपर, रंजीतपुर, सिंघनगढ़ जनपद पंचायत पंडरिया के 21 ग्राम पंचायत अतरियाखुर्द, भरेवापुरण, चरखुराकला, छीतापारकला, डबरी, दामापूर, देवसरा, डोमसरा, झिरियाखुर्द, खैरझिटी नया, खरहट्टा, कुम्ही, लिमहईपुर, नानापुरी, नरौली, नेउरगांव, प्रतापपुर, पटुवा, पेंड्रीकला, सोमनापुर, सूरजपुरकला।

# पटवारी की गलत फसल गिरदावरी रिपोर्ट से किसान परेशान, कलेक्टर से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम बिटकुली और केशली के किसानो ने अपने हल्का पटवारी पर अपने दायित्वों के प्रति मनमानी एवं लापरवाही बरतते हुए गलत-सलत गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करने का गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर की है। भारतीय किसान संघ के बैनर तले की गई शिकायत के संबंध में संघ पदाधिकारियों ने बताया कि पटवारी हल्का नम्बर 22 ग्राम बिटकुलीकला व केशली राजस्व मण्डल दशरंगपुर तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम के पटवारी मिलेन्द्र वैष्णव द्वारा अधिकांश किसानों का फसल गिरदावरी को ठीक से नहीं किया गया है। उनके द्वारा फिल्ड में न जाकर एक ही जगह बैठकर गिरदावरी किया है। किसानो ने बताया कि पटवारी ने अपने कार्य के प्रति लापरवाही तथा मनमानी बरतते हुए किसी के धान फसल को गन्ना तो किसी के तुअर (अरहर) को धान पुराने गिरदावरी के अनुसार ही कर दिया है। उन्होने बताया कि पटवारी की घोर लापरवाही व गलती के कारण सभी किसानों को तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ेगा। उन्होने बताया कि इस तरह की भर्राशाही एक दो किसानो के साथ नहीं बल्कि 20 से ज्यादा किसानों का गलत ढंग से सर्वे किया गया है। पीड़ित किसानो ने गलत गिरदावरी रिपोर्ट को दुरूस्त कराने के साथ लापरवाही पटवारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग प्रशासन से की है।




### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में दीक्षांत समारोह का आयोजन




**कवर्धा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा, ग्राम तारो (खैरबना) में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2023-25 एवं वर्ष 2024-25 के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र (एनटीसी) वितरित किए गए। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में केसी साहू, निदेशक आरसेटी ग्राम तारो तथा एमएल बंजारे, प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डोंगरगढ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई कवर्धा के प्राचार्य द्वारा की गई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षुओं को सफल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें तकनीकी कौशल के साथ आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आईटीआई संस्थान उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप कुशल युवाओं को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### शहद प्रसंस्करण एवं वन्यजीव संरक्षण पर विभाग ने दी जानकारी




**कवर्धा।** ओडिशा फॉरेस्ट रेंजर्स कॉलेज, अंगुल के 40 प्रशिक्षु वन परिक्षेत्राधिकारी अमूल्य कुमार परिडा (डीसीएफ) के नेतृत्व में आज अध्ययन भ्रमण के अंतर्गत वनमंडल कवर्धा के बोड़ला स्थित शहद प्रसंस्करण केन्द्र्र पहुंचे। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल, उपवनमंडलाधिकारी अभिनव केसरवानी, तथा वन परिक्षेत्राधिकारी आकाश यादव, गजेंद्र कुमार एवं विक्रांत सिंह कंवर द्वारा प्रशिक्षुओं को शहद प्रसंस्करण की तकनीक, उत्पादन से विपणन तक की प्रक्रिया, तथा वन्यजीव गलियारे के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शहद प्रसंस्करण केन्द्र न केवल स्थानीय समुदायों को आजीविका के नए अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण, स्थानीय जैव विविधता के संवर्धन, एवं सतत वन प्रबंधन के भी सशक्त माध्यम हैं। प्रशिक्षुओं ने केन्द्र की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए स्थानीय वन उत्पादों के मूल्य संवर्धन की संभावनाओं को समझा तथा वन विभाग की आजीविका आधारित पहल की सराहना की।

**पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर सौंपी नई जिम्मेदारी**

# उप निरीक्षक भुवनेश्वरी निरीक्षक पद पर पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

पुलिस महानिदेशक, नया रायपुर (छत्तीसगढ़) के आदेशानुसार जारी योग्यता सूची वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला कबीरधाम के महिला थाना में पदस्थ उप निरीक्षक श्रीमती भुवनेश्वरी राठौर को निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन कवर्धा से मिली जानकारी के अनुसार 06 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा एक कंधे पर स्टार लगाया गया तथा दूसरे कंधे पर पदोन्नत महिला अधिकारी के पति योगेश राठौर द्वारा स्टार लगाकर उन्हें पदोन्नति प्रदान करते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर, उप पुलिस अधीक्षक आशीष शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि पदोन्नति केवल पद और प्रतीक की वृद्धि नहीं, बल्कि यह अधिकारी की निष्ठा, प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता की सराहना है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्रीमती भुवनेश्वरी राठौर अपने अनुभव, समर्पण और दक्षता से विभाग की गरिमा और प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी। कार्यक्रम के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत अधिकारी को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परिवारजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।



# अंजुमन कमेटी पंडरिया के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया सामुदायिक भवन में अंजुमन कमेटी पंडरिया ऑल मुश्लिम वेलफेयर फाउंडेशन दुर्ग संभाग के तत्वाधान में ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे कुल 17 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर मे विशेष रूप से नई चमक रक्तदान एवं जनकल्याण समिति के जिलाध्यक्ष हरीश साहू ने विशेष सहयोग प्रदान करते हुए सभी रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा के लिए प्रेरित करते हुए हेलमेट प्रदान कर उनको जागरूक किया साथ ही उन्होंने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है, नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरतमंद की मदद हो सकेगी। इस शिविर में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने उपस्थित होकर शिविर को सफल बनाया तथा रक्तदान किया। ऑल मुस्लिमवेलफेयर फाउंडेशन की ओर से हमीदउल्ला खान ने सभी रक्तदाता को प्रमाण पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की।



## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद में तीन लोगों ने युवक को पीटा

**बालोद।** जमीन विवाद में तीन लोगों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी, जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वालो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम धनोरा निवासी देवेन्द्र कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि 05 अक्टूबर के रात्रि करीब 07:30 बजे अपने लोक सेवा केन्द्र दुकान को बंद कर खाना खाने छत्तीसगढ ढाबा धनोरा गया था, ढाबा मे खाना खाकर हाथ मुंह धोकर ढाबा से लगे पान ठेला मे गया था उसी समय कोमल ऊर्फ रंजीत, महेश्वर एवं मुकेश बघेल मेरे पास आये और पुराना जमीन संबंधी बात को लेकर मुझे गाली गलौज कर तीनों हाथ मुक्का से मारपीट किये है मारपीट करने से मेरे बांये गाल, होठ में चोट आकर दर्द हो रहा है।

### सभापति और सांसद प्रतिनिधि ने देखी बीज पैकेजिंग की प्रक्रिया

**दुर्ग।** जिले में स्थित बीज प्रक्रिया केन्द्र रुआबांधा का कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत दुर्ग के सभापति नीलम चंद्राकर एवं सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने रबी में भंडारित होने वाले चना बीज की पैकिंग प्रक्रिया, विभिन्न गोदामों में भंडारित गेहूं, चना, तिवड़ा, सरसो, अलसी, कुसुम आदि के संशाधित, पैक्ड बीज की भौतिक स्थिति, खरीफ 2025 में पंजीकृत कृषकों एवं रकबा की विस्तृत जानकारी, रबी 2025 में जिले में भंडारित होने वाले बीजों का लक्ष्य, उपलब्धता, कमी, अधिकता विषयों पर विस्तृत चर्चा की। जिले के उप संचालक कृषि संदीप भोई द्वारा रबी में प्रस्तावित बीज उत्पादन कार्यक्रम एवं विभिन्न बीजों के भंडारण कार्यक्रम प्रस्तावित विभागीय योजनाओं के अंतर्गत फसल प्रदर्शन से अवगत कराया गया।

### डॉ. अमिताभ शर्मा को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**भिलाई।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर के रसायन विभाग के शोधार्थी डॉ. अमिताभ शर्मा को उनके शोध कार्य बॉटम अप अप्रोच टू सस्टेनेबल एंड लो कॉस्ट टेक्नीक फॉर डोमेस्टिक वेस्ट वॉटर मैनेजमेंट बाय लिक्विड रिसोर्स मॉडल पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. शर्मा के इस शोध कार्य में घरेलू उपयोग के बाद निकलने वाले पानी को एक संसाधन के रूप में देखने की बात कही गई है, न कि इसे व्यर्थ समझने की। इस शोध में डॉ. शर्मा ने कम लागत वाली प्राकृतिक तकनीकों को अपनाकर घरेलू उपयोग के पानी को उपचारित करने और पुनः उपयोग करने पर जोर दिया है। इस शोध में थ्री आर सिद्धांत (रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल) से आगे बढ़कर 5 आर सिद्धांत (रिफ्यूज, रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल, रिचार्ज) को अपनाने पर जोर दिया गया है।

### नवीन उज्जवल महिला महाराष्ट्र मंडल ने मनाया शारदा उत्सव

**भिलाई।** महाराष्ट्र का पारंपरिक त्यौहार दशहरा होने के बाद शारदा उत्सव मनाया जाता है। शारदा माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चन कर भजन संध्या की जाती है। यह आयोजन महाराष्ट्र मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश के निवास में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी सदस्यों ने मिलकर बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें प्रथम स्थान पर वीणा देशपांडे, द्वितीय स्थान पर किरण शिरेकर, तृतीय स्थान पर साक्षी वांडरे रहीं। मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश ने सभी विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### आत्मनिर्भर महिलाओं का जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया हौसला

**दुर्ग ।** देश की सबसे बड़ी व्यापारी संगठन कॉफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की दुर्ग जिला महिला इकाई द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को स्वालंबन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित दीपावली एग्जिबिशन में रविवार को लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। दीपावली एग्जीबिशन में दुर्ग भिलाई की महिलाओं द्वारा कुल 44 स्टाल लगाए गए ।

# दुर्गा विसर्जन में विशालकाय नंदी बैल की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

नगर में परंपरा के अनुसार विजयादशमी के पश्चात मां दुर्गा का विसर्जन किया जाता है। इसीक्रम में इस वर्ष भी सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बड़े दुर्गा द्वारा भव्य विसर्जन झांकी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अंजोरा (दुर्ग) से आए दूले राय अघोरी ग्रुप मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। उनके प्रस्तुतिकरण में 13 फीट का विशालकाय नंदी बैल, मां काली का विराट रूप, भगवान शंकर का तांडव नृत्य, मां पार्वती का नृत्य तथा भूत-प्रेत, पिशाच, दैत्यों व मसान के अद्भुत नृत्य ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। वहीं राधे धुमाल पार्टी डौंडीलोहारा और गिरीश सेटअप डीजे डौंडीलोहारा ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। ढोल-



धुमाल और डीजे की थाप पर लोग जमकर नाचे और उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पूरे आयोजन का श्रेय सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति को जाता है, जिसने दिन-रात मेहनत कर लगभग चार माह से तैयारी की थी। मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा और भव्य झांकी को देखने के लिए पूरा



नगर उमड़ पड़ा। विसर्जन यात्रा ने इस वर्ष एक नया इतिहास रच दिया। लोगों का कहना था कि समिति पिछले चार-पांच वर्षों से लगातार नवीन रूप और नए-नए कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही है, जो अत्यंत सराहनीय है। उल्लेखनीय है कि 25 सितंबर को आयोजित डोंगरगांव झांकी पटपर भी अपने आप में एक मिसाल बनी। पुराना बिजली ऑफिस चौक पर आयोजित इस झांकी को देखने हजारों की संख्या में जनता जुटी और लगभग साढ़े चार घंटे तक वहां डटी रही।

इस झांकी में जोत जंवारा, मां काली और राक्षसों का प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ने कहा कि उन्हें नगरवासियों का भरपूर सहयोग मिलता रहा है। इसी सहयोग से वे लगातार सफल आयोजन कर पाते हैं। समिति का संकल्प है कि भविष्य में और भी भव्य व आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. बीएल साहसी व्याख्याता ने कहा कि नगरवासियों के सहयोग और समिति के परिश्रम से ही यह आयोजन सफल हो सका।



### विवेकानंद भवन के सामने पुलिस परिवारों ने किया हंगामा, प्रदेशभर से पहुंचे थे

# पुलिस के पारिवारिक सम्मेलन में अड़ंगा भवन बुक कराया लेकिन नहीं खोला ताला

## नगर निगम दुर्ग ने एनओसी ना होने की वजह से कार्यक्रम की नहीं दी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पुलिस परिवार का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन रविवार को प्रशासनिक अड़ंगे के कारण नहीं हो पाया। सम्मेलन पद्मनाभपुर स्थित विवेकानंद सभागार में आयोजित था। आयोजन को लेकर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बस में परिवार भरकर सुबह करीब 10 बजे पहुंचे, जब यहां पहुंचे, तो प्रस्तावित जगह का ताला ही नहीं खोला गया। दुर्ग निगम ने एनओसी नहीं लेने की बात कहकर अनुमति दिए जाने से ही इंकार कर दिया।

जबकि आयोजकों ने 11 सितंबर को निगम का शुल्क जमा कराया था। ताला नहीं खोलने के बाद मौके पर जमकर हंगामा मचा। पुलिस परिवार ने आरोप लगाया कि जानबूझकर कार्यक्रम को होने नहीं दिया जा रहा है। जबकि गृहमंत्री, डीजीपी, आईजी, पुलिस अधीक्षक, मंत्री से लेकर विधायकों को आयोजन में आमंत्रित किया गया था। उनका प्रोटोकॉल भी जारी हुआ, लेकिन बाद में कोई नहीं पहुंचा। हंगामा के बाद दुर्ग सीएसपी मौके पर पहुंचे, उन्होंने उच्च अधिकारियों से बात की। दोपहर करीब डेढ़ बजे गेट खोला गया, लेकिन बड़ी संख्या में परिवार लौट चुके थे, इस वजह से कार्यक्रम नहीं हो सका।

इस पूरे मामले को लेकर आयोजनकर्ताओं में उज्जवल दीवान ने आरोप लगाया कि पारिवारिक सम्मेलन में अड़ंगा लगाया गया। कार्यक्रम को होने नहीं दिया गया। पूरे समय पुलिस परिवार के लोग परेशान होते रहे। पुलिस परिवार का कार्यक्रम खराब किया गया।



### महासम्मेलन में लाखों का खर्च, आमंत्रण पत्र भी बांटे जा चुके थे

पुलिस परिवार की महिलाओं ने इस पूरे मामले में प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आयोजन को लेकर लाखों रुपये खर्च किए गए। आमंत्रण पत्रक बांटे गए। इसके बाद इस कार्यक्रम को रोकने के लिए दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा बड़ा षडयंत्र रचा जा गया इस पूरे घटनाक्रम में दुर्ग निगम की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है। एडवांस बुकिंग के बाद भी आयोजन नहीं होने दिया गया। आयोजन के दो दिन पहले नगर निगम दुर्ग ने पुलिस और एसडीएम से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा। पहले इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई थी। दूसरी तरफ एसपी के दिशानिर्देश में पद्मनाभपुर थाना प्रभारी ने प्रतिवेदन दिया है कि इसाई समाज का प्रार्थना सभा होता है। उसकी व्यवस्था करनी है। इसलिए पुलिस परिवार को कार्यक्रम ना करने दिया जाए। जब भवन के अंदर शांतिपूर्ण कार्यक्रम किया जाता है तो उसकी सूचना मात्र कलेक्टर या एसडीएम को दी जाती है। ऐसे कार्यक्रमों में परमिशन की आवश्यकता नही होती है। फिर भी परेशान किया गया।

### पुलिस परिवार के इस प्रकार के आयोजन को दो बार पहले भी रोका जा चुका है

उज्जवल दीवान ने बताया कि महासम्मेलन में पूरे छत्तीसगढ़ से पुलिस परिवार के लोग इकट्ठा हुए थे। इसके पहले भी 2018 और 2022 में पुलिस परिबार के कार्यक्रम को सरकार द्वारा रोका गया था। तब दोनों बार सत्ता परिवर्तन हुआ था। पूरे भारत देश में छत्तीसगढ़ सरकार की किरकिरी हुई थी। सभी को आमंत्रण पत्र भेजा गया था। आयोजन में मुख्य रूप से तृतीय श्रेणी के पुलिसकर्मियों के परिवार शामिल होने वाले थे। इस दौरान पारिवारिक चर्चा और पुलिस की तकलीफों को लेकर विचार-विमर्श होना था। ऐन समय में कार्यक्रम नहीं होने से लोगों को आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने मौके पर हंगामा किया। जमकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मामले को लेकर राज्यपाल, राष्ट्रपति, केंद्रीय गृहमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।

#### नहीं ली गई एसडीएम व पुलिस से एनओसी

“ आयोजकों ने निगम में शुल्क जमा कराया था, लेकिन आयोजन से पहले नियमत: एसडीएम व पुलिस से एनओसी आवश्यक होती है। इसे प्रस्तुत नहीं किया गया। इसलिए अनुमति नहीं दी गई। शुल्क लौटा दिया जाएगा। **-सुमित अग्रवाल,** आयुक्त नगर निगम दुर्ग

### पुलिस परिवार के लोग मिले विधायक देवेंद्र से

इस मामले को लेकर पीड़ित परिवार के लोगों ने विधायक देवेन्द्र यादव से मुलाकात की। विधायक देवेन्द्र ने कहा कि आज दुर्ग में छत्तीसगढ़ का पुलिस परिवार सम्मेलन करने जा रहा था और एक महीने पहले ही आयोजकों ने दुर्ग निगम में 28 हजार रुपए जमा कर विवेकानंद भवन को आंबटित कराया,लेकिन आज सुबह निगम की टीम ने वहां ताला लगा दिया। इधर इस सम्मेलन में शामिल होने लोग बस्तर से लेकर सरगुजा तक से दुर्ग पहुंचे। विधायक ने बताया कि आज डबरापारा में पुलिस परिवार के लोगों ने उन्हें रास्ते में रोककर अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन को रोकने लगातार उन्हें धमकियां मिल रही थी। पुलिस की वजह से हम सभी सुरक्षित है और ऐसे परिवारों के सम्मेलन को रोकना कहां तक सही है। उन्होंने कहा कि यह तरीका असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। इधर विधायक को पुलिस परिवार के लोगों ने बताया कि भवन की अनुमति निरस्त करने की सूचना तक उन्हें नहीं दी। जबकि इस कार्यक्रम में वे प्रदेश के मुखिया, उप मुख्यमंत्री, डीजीपी सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आमंत्रित कर चुके थे। पुलिस परिवार के लोगों ने बताया कि वे सब मिलकर अब रायपुर जा रहे हैं ताकि गृहमंत्री से इस बारे में बात कर सकें।

### आलमारी तोड़कर 6 हजार की चोरी पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

देर रात चोरी करने घर मे घुसे तीन युवको मे से एक युवक को ग्रामीणो की मदद से घर वालो ने पकड़ लिया। जिसके बाद तीनों युवको के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जिसमें पुलिस ने 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम नर्राटोला आवास पारा निवासी युगल किशोर तारम ने पुलिस को बतायाा कि 05 अक्टूबर को रात्रि करीबन 08 बजे सहपरिवार खाना खाने के बाद बाड़ी तरफ का टीपा के दरवाजा को टिका दिया था और सामने के दरवाजा को अंदर से बंद कर अपने अपने कमरे में सो गये मै और मेरी पत्नी महाबती एवं लड़का पोषण और लड़की ललीमा एक कमरे में सोये थे। रात्रि करीबन 02 बजे कमरा में रखे चुड़ी का ऐंगल का आवाज आने पर देखा तो एक लड़का घर अंदर घुसा था। मैं घबरा कर कौन हो कौन हो बोलते हुए चिल्लाने लगा तो घर वाले भी उठ गये और चोरी करने आया हुआ। लड़का घर अंदर से निकल कर भागने लगा तब मैं भी घर के बाहर निकलकर देखा तो घर के अंदर घुसा लड़का एक मोटर सायकल में दो लड़का बैठा था। उसी के पीछे दौड़ रहा था। मैने गांव वालों को चोर चोर पकड़ो पकड़ो चिल्लाने पर मेरी आवाज सुनकर गांव वाले रफीक खान, खोमन एवं अन्य लोग एक लड़के को पकड़े और दो लड़के मोटर सायकल से भाग गये पकड़े गये लड़का को नाम पता पुछने पर अपना नाम वार्ड क्र 18 पुराना बाजार दल्ली राजहरा निवासी ईरफान हुसैन पिता सज्जाद हुसैन 19 वर्ष का रहने वाला बताया और भागने वाले लड़को का नाम शिवम वनजारे, गोल्डी कुमार पुराना बाजार दल्ली राजहरा का बताया पकड़ने के बाद गावं वाले थाना में सूचना दिये है मैं घर मे जाकर परिवार सहित देखा तो घर के अंदर रखे गोदरेज आलमारी का दरवाजा खुला हुआ था। कपड़ा बिखरा हुआ था आलमारी के अंदर तिजोरी में रखे 6 हजार रूपया नहीं था। घर अंदर घुसे लड़का ईरफान हुसैन निवासी दल्ली राजहरा एवं अन्य दो के द्वारा घर के पीछे बाड़ी तरफ से मेरे घर अंदर घुस कर गोदरेज आलमारी मे रखे 6 हजार रूपये को चोरी किया है।

■ रात में घर में घुसे चोर, ग्रामीणों की सूझबूझ से एक युवक गिरफ्तार

### निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** जिले के विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के अंतर्गत एक कार्य के लिए 6 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों के लिए कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत उक्त राशि की स्वीकृति दी है। अहिवारा विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 नंदिनी नगर अहिवारा पेवर ब्लाक निर्माण हेतु 06 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## स्वस्थ नारी योजना के अंतर्गत कैदियों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देशन में जिला के जेल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार योजना के अंतर्गत महिला और पुरुष कैदियों की स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम का संचालन डीएचओ डॉ. संजीव ग्लैड, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम



प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, एस.एन.एस.पी. नोडल डॉ. अर्चना चौहान और शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र बेलचंदन के मार्गदर्शन में किया गया। स्वास्थ्य जांच के दौरान कुल 343 व्यक्तियों का बीपी परीक्षण किया गया, जिनमें से 40 व्यक्तियों में उच्च रक्तचाप पाया गया। 343 व्यक्तियों का मधुमेह परीक्षण किया गया, जिसमें 2 मरीज मधुमेह से ग्रसित पाए गए। सिकलिंग जांच 111 व्यक्तियों पर की गई, और 207 व्यक्तियों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया, जिनमें से 2 व्यक्तियों का हीमोग्लोबिन 7 ग्राम से कम पाया गया। एचआईवी की जांच 54 व्यक्तियों पर की गई, और 25 महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर एवं गायनिक जांच एक्स-रे के माध्यम से की गई।

## स्पॉ सेंटर की आड़ में हो रही घिनौनी हरकतें

**दुर्ग।** सेन समाज अपने हितों की रक्षा के लिए संगठित है। समाज अपनी पहचान और सम्मान कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सेन समाज के पारंपरिक व्यवसाय की आड़ में अन्य लोग जो सेन समाज के नहीं हैं, वे कुछ ऐसा घिनौना काम कर रहे हैं, जिससे सेन समाज की छवि खराब हो रही है। समाज के प्रांतीय अध्यक्ष पुनीतराम सेन व सचिव भुवनलाल कौशिक ने बताया कि इसके लिए सेन समाज ने बड़ा निर्णय लिया है। जिसके तहत 7 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में समाज हित में पांच सूत्रीय मांग से शासन को अवगत कराया जाएगा। दुर्ग में समाज के जिला अध्यक्ष भीखम सेन व जिला सेलून व्यवसाय संघ के अध्यक्ष संतोष सेन के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी जिला मुख्यालयों में कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपने की जबावदारी सभी संभाग प्रभारी व जिला अध्यक्षों को दी गई है। उस दिन सेन समाज को लोग अपना काम बंद कर ज्ञापन सौंपने जाएंगे। उसी दिन ही समाज के प्रांतीय पदाधिकारी भी प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन के नेतृत्व में राजधानी रायपुर में सीधे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपकर समाज की भावनाओं से अवगत कराते हुए मांगों को पूरा करने का अग्राह करेंगे।

■ सेन समाज लामबंद

## पेज 9 के शेष

### सशिमं में शरद पूर्णिमा ...

शरद पूर्णिमा स्वास्थ और संस्कार का अमृत पान कराती है होनहार बनाती है। प्राचार्य पुरनलाल बारले ने कहा कि शरद पूर्णिमा तन मन की अनुकूलता का संदेश लेकर आती है विद्याथऍं होनहार बनने पढ़ाई में अनुशासन प्रियता के साथ जुट जाए।भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए माता पिता गुरु की आज्ञा का अक्षरशः पालन करे।जीवन में वांछित मंजिल प्राप्त कर अमृत पान करे। शरद ऋतु सबके लिए स्वास्थ रूपी अमृत का प्याला लेकर आती है कौन कितना अमृत पान कर पाते है क्षमता और सजगता पर निर्भर करती है। कहावत है सुबह सुबह की हवा लाख रुपए की दवा।

उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर विधार्थियो में संस्कार का भरपूर संचार करने के लिए भारतीय संस्कृति की पर्वों को प्राथमिकता के साथ मनाते हुए विद्यार्थियों को शामिल करती है। सनातन संस्कृति का सारा पर्व संस्कार का अमृत पान कराती है। संस्कार का अमृत पान करने वाले होनहार बनते है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ...

चयनित वांलिंटियर एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों की उपस्थिति में गांव एवं गांव में निवासरत जनजातीय परिवार के लोगों के मांगों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप विलेज विजन कार्य योजना का वाचन एवं अनुमोदन का कार्य किया गया। उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सभी विकासखण्डों के चयनित ग्रामों में आदि सेवा पर्व का आयोजन कर जन–जागरण रैली, ट्रांसेक्ट वॉक, केंद्रित सामूहिक चर्चा और गांव का नजरी नक्शा बनाने की गतिविधियों के माध्यम से विलेज वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं जनजातीय परिवार के लोगों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

### बाइक ने युवक को ...

मानिकपुरी के बांये पैर घुटना के नीचे व दांया हाथ में चोट लगने से रोड किनारे फेका गया। मैं व मेरा साथी कमलेश हम दोनो बाल बाल बच गये, एक्सीडेंट के दौरान मोटर साइकिल चालक भी मोटर साइकिल सहित गिर गया व मोटर साइकिल का नंबर सीजी 24 यू 3691 लिखा था, फिर अपने दोस्त देवेन्द्र कुमार को घायल अवस्था में मैं व मेरा दोस्त कमलेश दोनो सरकारी अस्पताल डौंडी लाकर ईलाज हेतु भर्ती किये है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** शहर के आमापारा स्थित अपने घर में युवक ने रात्रि में फांसी लगा ली। जिसकी जानकारी परिजनों को सुबह हुई। मिली जानकारी के अनुसार शहर के आमापारा निवासी मनीश सेन पिता पुनम सेन 30 वर्ष ने 5 अक्टूबर के रात्रि खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। जिसके बाद 6 अक्टूबर को सुबह जब युवक बहुत देर तक अपने कमरे से नही निकला तो परिजन युवक के कमरे में गए, जहां युवक अपने कमरे में साड़ी से फांसी लगा लिया था। जिसके बाद परिजनो द्वारा इसकी जानकारी आस पास के लोगो को दी गई, जहां पुलिस के आने के बाद शव का पंचनामा तैयार कर शव का फांसी के फंदे से निकाल शव का पोस्टमार्डम कराने के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया। मिली जानकारी युवक का शादी हो चुका है तथा उसके दो लड़के थे। करीब 3 माह पहले युवक की पत्नी अपने दोनो छोटे बच्चो को लेकर अपने मायके चली गई थी तथा वापस नही आ रही थी। जहां युवक घर मे अपने माता पिता व छोटे भाई के साथ रहता था। वही युवक द्वारा ऐसा कदम क्यो उठाया गया, इसकी जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

### रोजगार मेले के लिए मार्गदर्शन शिविर आज से

**डौंडीलोहारा।** रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए शासकीय आईटीआई डौंडीलोहारा में 7 व 8 अक्टूबर को निःशुल्क मार्गदर्शन शिविर रखा गया है। अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के लिए ऑनलाइन पंजीयन तथा साक्षात्कार की तैयारी की जानकारी प्रदान की जाएगी। राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन रायपुर में 9 और 10 अक्टूबर को होना है, जिसमें विभिन्न राज्यों के अनेक कंपनिया सम्मिलित हो रही है। मेले कुल 10 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी दी जाएगी।

### कौशल दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षार्थियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में शनिवार कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कौशल दीक्षांत समारोह 2025 के अवसर पर सत्र 2024–25 के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रशिणार्थियों को आगामी राज्य स्तरीय रोजगार मेला के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संस्था के प्राचार्य नूतन कुमार साहू ने बताया कि संस्था में व्यवसाय कोपा प्रावीण्य सूची अनुसार प्रथम स्थान पुष्पेन्द्र एवं द्वितीय स्थान नेमीचंद ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षण अधीक्षक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पोड़ी उपरोडा (सेवानिवृत) सुरेन्द्र कुमार ताम्रकार एवं विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत प्रधानपाठक रूपराम गंजीर शामिल हुए। इस दौरान इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी दामिनी शांडिल्य, भूपेन्द्र जायसवाल एवं प्रशिक्षणाथएँ उपस्थित थे।

### मजिस्ट्रेट की गाड़ी को ठोका

**भिलाई।** भिलाई नगर थाना अंतर्गत जयंती स्टेडियम के करीब इस्पात नगर निवासी हर्ष चौधरी (28 वर्ष) ने इसकी शिकायत की है कि वे अररिया बिहार में जूनियर मजिस्ट्रेट हैं। सीजी 07 एयू 8753 के घटना स्थल में वाहन चलाने की प्रैक्टिस कर रहे थेॉ

## आयोजन

### शरद पूर्णिमा पर विमल वैदिक सेवा आश्रम में हुई रामकथा

# मंडली ने रामकथा पर निकाली संकीर्तन और प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूजःगुण्डरदेही

शरद पूर्णिमा के उत्सव के अंतर्गत विमल वैदिक सेवा आश्रम पैरी द्वारा तीन दिवसीय मानस मर्म विवेचन शिविर का आयोजन ग्राम सरेखा में किया गया। इसमें श्री राघव किंकर महाराज चित्रकूट एवं मनहरण लाल वर्मा अरसनारा द्वारा रामकथा सुनायी गई। समिति के सदस्य जो जिलेभर से उपस्थित हुए थे।

प्रातः प्रभात फेरी, संकीर्तन एवं नगर सफाई के साथ नशा उन्मूलन का संदेश देते थे। रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें संचालन करते हुए केशव राम साहू ने गौरव ग्राम सरेखा के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले गांधीराम साहू के वीरता पर कविता पढ़ी। गजपति राम साहू ने रावण को उनकी पत्नी मंदोदरी द्वारा माता सीता को मुक्त करने की याचना के प्रसंग को कविता के रूप में सुनाया। शिव कुमार अंगारे ने प्रकृति चित्रण कर विलुप्त हो रहे लोक संस्कृति पर चिंता जाहिर किया। डॉ. बुशरा परवीन ने कहा की बेटी तो आगे बढ़ रही है, अब बेटा नशा के गिरफ्त में आकर पिछड़ रहे हैं, जिसके लिए बेटा बचाओ बेटा पढ़ाओ अभियान चलाना पड़ सकता है। कुसुम साहू ने आश्रम के मूल उद्देश्य नशा उन्मूलन पर आधारित गीत का गायन किया।

इस अवसर पर आश्रम के अध्यक्ष सालिक राम वर्मा, उपाध्यक्ष विष्णु राम साहू, ग्रामनिर्माण ट्रस्ट योजना के अध्यक्ष दिलेश्वर छतरी, कोषाध्यक्ष भूवन लाल सिन्हा, बेणीराम, बोधन राम, रामकिसून बंछोर, गंगाराम साहू, गोविंद ठाकुर, चंद्रहास बेलचंदन, कौशल कुमार साहू, हरिश्चंद्र साहू आदि की भागीदारी रही। समस्त ग्रामवासी आश्रम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता, नशा उन्मूलन एवं सत्संग कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।



### शरद पूर्णिमा कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक कुंवर सिंह




**गुण्डरदेही।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को विधायक कुंवर सिंह निषाद ग्राम अचौद में नवीन युवा मित्र समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित लोक कला महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान ग्राम अचौद में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। विधायक ने भूमिपूजन करते हुए कहा कि गांव का विकास उनकी प्राथमिकता है, इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर, सरपंच आकाश चंद्राकर, सरपंच गजपति साहू, सरपंच भारती साहू, लवकेश कुमार साहू, पूर्व सरपंच उत्तरा चंद्राकर व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित हुए।

# विश्व शिक्षक दिवस पर डॉ. बीएल साहसी की पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम किल्लेकोडा में पदस्थ व्याख्याता डॉ. बी.एल. साहसी की नवीन कृति "राजनांदगांव रियासत का सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक इतिहास" का विमोचन विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर किया गया। इस विशेष अवसर पर गुंडरदेही क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक कुंवर सिंह निषाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



उन्होंने पुस्तक का विमोचन करते हुए डॉ. साहसी को शाल, श्रीफल एवं कलम भेंटकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि डॉ. साहसी पूर्व में अंजलि पत्रिका (2006-07, 2008-09, 2009-10) एवं डढ़सेना पत्रिका की भी रचना कर चुके हैं। वे मानते हैं कि सफलता का पहला रहस्य आत्मविश्वास है। यदि व्यक्ति किसी कार्य को लक्ष्य बनाकर आत्मविश्वास, मेहनत, लगन, समय का सदुपयोग और सुखों का त्याग कर करता है, तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। इसी लक्ष्य मार्ग पर डॉ. साहसी निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। निकट भविष्य में उनकी दो और पुस्तकों का विमोचन होना है। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए अब तक उन्हें कई सम्मान प्राप्त हुए हैं, जिनमें शिक्षा रत्न 2023, राज्यपाल पुरस्कार 2024, महात्मा ज्योतिबा फुले पुरस्कार 2024-25, उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार 2024, छत्तीसगढ़ डढ़सेना पुरस्कार प्रमुख हैं।

डॉ. साहसी की इस उपलब्धि पर परिवार, मित्रगण, सहकर्मी एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी। शुभकामनाएं देने वालों में डॉ. वासुदेव साहसी राजेश कुमार साहसी किरण साहसी, ममता साहसी, अंकिता साहसी सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अजय मुखर्जी, वाय.एस. मरकाम , सी.जी. पटेल, जे.पी. बांधव, हेमेंद्र साहू , घनश्याम पटेल, ललित देवहारी, त्रिजला ठाकुर, मुक्ति, श्रवण यादव, धशिवेंद्र बहादुर, हेमलता विश्वकर्मा (सरपंच), उत्तरा बाई, यशस्वी शर्मा, गुलाब बाई शर्मा आदि प्रमुख रहे। सभी ने डॉ. साहसी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# आईटीआई के कौशल दीक्षांत समारोह में प्रतिभावान छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था संजारी में 4 अक्टूबर को कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान परिवार, विद्यार्थी, पूर्व छात्र तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा मंचासीन होकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस समारोह में वर्ष 2025 में उत्तीर्ण हुए प्रशिक्षणार्थियों को नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। साथ ही संस्था में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ आकर्षक शील्ड भेंट की गई, जिससे उनका उत्साह और आत्मविश्वास दोगुना हो गया। समारोह में एल्युमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सदस्यों की भी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए और वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। वक्ताओं ने कहा कि आईटीआई से प्राप्त कौशल केवल रोजगार ही नहीं देता, बल्कि आत्मनिर्भर बनने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा का सही उपयोग कर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। संस्थान के प्राचार्य ने कहा कि कौशल ही वास्तविक पूंजी है, जो हर विद्यार्थी को जीवन में आगे बढ़ने की दिशा प्रदान करता है। उन्होंने प्रशिक्षकों और छात्रों की मेहनत की सराहना की।




# फसल सर्वेक्षण की सूची पंचायतों में जारी

## ग्रामसभाओं में पटवारी और सचिव कर रहे सर्वे सूची का पठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत पंचायतों में आयोजित विशेष ग्रामसभा के माध्यम से डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन का कार्य निरंतर जारी है। जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खेरथा, देवरी एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खप्परवाड़ा, मुण्डरा, तवेरा तथा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हितेकसा, डाण्डेसरा, बोरिदकला, पेरपार, चंदनबिरही, मुड़गहन, बासिन, मोहारा, कपरमेटा, देवकोट, परसुली सहित जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के माध्यम से पटवारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों के द्वारा गिरदावरी सूची का पठन किया गया। इस दौरान एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025–26 के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत हुए गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन कर ग्रामीणों को उनके रकबे और बोए गए फसल की जानकारी दी गई। इसके अलावा ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण की सूची को चस्पा भी किया गया, जिसका ग्रामीण अवलोकन कर अपने रकबे और फसल की जानकारी ले रहे हैं। जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे और मैनुअल गिरदावरी का वाचन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में किसानों के फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल टाइम में किया गया, जिसमें खेत की भौगोलिक स्थिति के साथ फसल की फोटो अपलोड की गई है। राज्य शासन द्वारा भू–नक्शों के जीव–रिफ्रेसिंग के पश्चात अब त्रुटिरहित फसल सर्वेक्षण संभव हुआ है। इस पहल का उद्देश्य त्रुटिरहित फसल गिरदावरी सुनिश्चित करते हुए किसानों के फसलों की सटीक और तकनीकी जानकारी एकत्रित करना है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके। डिजिटल फसल सर्वेक्षण में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज की गई है। जिससे किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# तहसील साहू संघ के अध्यक्ष बने उमाशंकर साहू





**अर्जुंदा।** तहसील साहू संघ अर्जुन्दा में सर्व सहमति से निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें उमाशंकर साहू दूसरी बार तहसील अध्यक्ष बने। साहू सदन टिकरी में सुबह 9 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई और शाम तक शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न हो गया। समाजजनों में चुनाव को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कुल 65 गांव के ग्रामीण अध्यक्ष उपाध्यक्ष व सचिव ने चयन किया। इस बार चुनाव में कुल पांच पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिनमें से पांचों पद निर्विरोध रहे। अध्यक्ष पद उमाशंकर साहू को घोषित किए गए। उपाध्यक्ष पद पर महिला वर्ग से देवकी साहू और पुरुष उपाध्यक्ष गविंद्र साहू निर्विरोध चुने गए। संगठन सचिव पुरुष पद पर विनय साहू महिला संगठन सचिव के लिए दिनेश्वरी साहू निर्विरोध निर्वाचित हुईं। चुनाव उपरांत वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों के प्रति हर्श व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अर्जुंदा तहसील के सामाजिक बंधुओं ने लोकतांत्रिक तरीके से जिम्मेदारी सौंपकर एक सकारात्मक संदेश दिया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी समाज की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी।इस अवसर पर परी क्षेत्रीय अध्यक्ष देवघर साहू, दानेश्वर साहू, हर्षा साहू, कमलकिशोर साहू, चुकेश्वर साहू, शैलेन्द्र साहू, लखन सोनबोईर, शियाराम साहू, शिव साहू, संतोष साहू, रमेश साहू, काशीराम साहू, सरपंच योगेश्वर साहू, पंकज चौधरी, वामन साहू, डीगेंद्र साहू सहित सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- नई कार्यकारिणी समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी : तहसील साहू संघ

### साहू संघ कोसागोदी के अध्यक्ष बने ईश्वर

**गुरूर।** परिक्षेत्रीय साहू संघ कोसागोदी का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष ईश्वर गंजीर, उपाध्यक्ष नकुल साहू, उपाध्यक्ष महिला कुमोदनी साहू, संगठन सचिव डोमेन्द साहू, संगठन सचिव महिला अश्वनी साहू निर्वाचित हुए। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में मिथलेश साहू, घनाराम साहू, योगेश साहू, चंद्रहास अठभैया, नेतराम साहू, दुष्यंत कुमार साहू, प्रेमलाल साहू, पीलू राम साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, तुकाराम साहू, योगेश्वरी गुरु लालाराम साहू, दयालु राम साहू, धनराज गंजीर, कमलेश्वर सोनवानी, यंत कुमार साहू, पूरनलाल साहू, हरिश्चंद्र साहू, रेणुका गजीर, डॉ राकेश सार्वा, नीलकंठ साहू, डॉ निर्मल कांत साहू, बोधराय साहू, शंकर लाल साहू, इंद्रमण साहू, डॉ डामन लाल साहू, हरिराम साहू, लखन लाल साहू एवं परीक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी के समस्त पदाधिकारी ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी एवं प्रिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी के समस्त मतदाता भाईयों एवं माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# दशहरा उत्सव में विधायक निषाद हुए शामिल, टिन शेड का किया लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

गुंडरदेही के विधायक कुंवर सिंह निषाद ने देवरी ब्लॉक के ग्राम पसौद एवं सुरेगांव में दशहरा उत्सव में शामिल होकर भगवान श्री रामचंद्र की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की समृद्धि तथा खुशहाली के लिए कामना की।

उन्होंने ग्राम सुरेगांव में कला मंच के सामने टीन शेड निर्माण का लोकार्पण किया। विधायक ने दशहरा उत्सव में शामिल होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ग्राम पसौद का दशहरा उत्सव 68 साल से मनाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत, अंधकार पर प्रकाश की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है। यह पर्व हमें अपने अहंकार तथा बुराई को समाप्त कर अच्छाई तथा सत्य की राह पर चलने का सीख देता है। जब तक हमारे समाज, आस-पास तथा स्वयं में जो बुराई है वह समाप्त नहीं होगी तब तक हम और हमारा समाज आगे नहीं बढ़ पाएगा। समाज में अहंकार, बुराई तथा असत्य के प्रतीक रावण का नाश जरूरी है, तभी हम आगे बढ़ेंगे। दशहरा उत्सव कार्यक्रम में समाजसेवी राम शिरोमणि तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनपद अध्यक्ष कांति प्रकाश सोनबरसा, जनपद सदस्य टीकमबाई निषाद, दुलारी बाई देवांगन, पूर्व सरपंच केशव शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार, दुर्गा ठाकुर, बरसन निषाद, मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, सरपंच नागेश ठाकुर, उप सरपंच पोषण देवांगन, इंदरचंद बाफना, सेवाराम देवांगन, रुमनलाल इंदौरिया, तुषन देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

- दशहरा पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक – विधायक निषाद

# पूर्व विधायक भैयाराम नगझर में क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में हुए शामिल

**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा विधानसभा अंतर्गत वनांचल ग्राम नगझर में क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने आयोजक समिति समस्त ग्रामवासी खिलाड़ियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दिए। ग्रामवासी के मांग पर शीतला मंदिर निर्माण और गौरा चौक पर रंगमंच निर्माण के लिए घोषणा किए। पूर्व विधायक ने आयोजक समिति को सहयोग प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुमीत राजा राजपूत, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, मीडिया प्रभारी शिवम कुरैटी, रामकुमार सोरी उपस्थित थे। जिसमे प्रथम पुरस्कार विजेता कारियाटोला गुरुर, द्वितीय पुरस्कार दमकशा चारामा, तृतीय पुरस्कार तांशी चारामा, चतुर्थ पुरस्कार पेटेचूवा गुरुर रहे। मैन ऑफ द सीरीज देवलाल दुग्गा कारियाटोला से रहे।






